भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 310

शुक्रवार, 6 दिसम्बर, 2013 को उत्तर देने के लिए

केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों और संस्थाओं का नामकरण

310. श्री सुखेन्दु शेखर राय:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के नाम पर कितनी केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमें हैं और उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त नेताओं के नाम पर केन्द्रीय संस्थाओं और स्थापनाओं की संख्या कितनी है और उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसी स्कीमों के नामकरण की प्रक्रिया और मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(घ) जिन स्कीमों के लिए राज्यों द्वारा समतुल्य अनुदान दिया जाता है क्या उनके नामकरण से पहले राज्य सरकारों की सहमति ली जाती है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ड.) अन्य किन राजनेताओं के नाम पर केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमें समर्पित हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय (श्री श्रीकांत कुमार जेना)

(क) और (ड.) 66 केन्द्रीय रूप से प्रायोजित योजनाओं जिन्हें हाल ही में पुनर्गठित और अनुमोदित किया गया है में से 7 केन्द्रीय रूप से प्रायोजित योजनाओं का नामकरण महात्मा गांधी, जवाहरलाल लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के नाम पर किया गया है ।

(ख) इस सूचना का रखरखाव केन्द्रीय स्तर पर नहीं किया जाता है ।

(ग) और (घ) योजनाओं और संस्थाओं का नामकरण करने के लिए कोई औपचारिक दिशा-निर्देश नहीं है ।

*****